कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 1340/शैक्षिक / छा0वृत्ति / 2020 दिनांकः 04 / 09 / 2020

: सूचना :

शैक्षिक सत्र 2020–21 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के लिये दशमोत्तर छात्रवृति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑन लाइन आवेदन करने के सम्बन्ध में मुख्य बिन्दु निम्नवत् है :

1. छात्रवृत्ति के लिये वेबसाइट http : //scholarship.up.gov.in पर आवेदन किया जाना है।
2. छात्रों के आधार नम्बर का ऑथन्टिकेशन (मिलान) होने के पश्चात ही ऑनलाइन आवेदन किये जाने की व्यवस्था है, जिसमें छात्र का आधार नम्बर, छात्र का नाम, लिंग व जन्मतिथि का मिलान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) से ऑनलाइन किया जायेगा तथा आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 भेजा जायेगा। उक्त ओ0टी0पी0 को आवेदन पत्र में भरने के उपरान्त ही छात्र द्वारा आवेदन पत्र सब्मिट किया जा सकेगा।
3. सभी छात्रों के पास छात्रवृत्ति आवेदन करते समय आधार कार्ड उपलब्ध होना चाहिये, जिन छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है वे प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लें।
4. जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है, तत्क्रम में आधार कार्ड को अपने मोबाइल नम्बर व बैंक खाते से लिंक करा लें।
5. हाईस्कूल अंकपत्र / प्रमाण पत्र में अंकित अपने नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड में अपना नाम अपडेट करा लें।
6. हाईस्कूल अंकपत्र / प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि को आधार कार्ड में अपडेट करा लें।
7. आधार कार्ड में यदि लिंग (जेंडर) गलत है तो उसको शुद्ध करा लें।
8. छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु छात्र द्वारा छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन पत्र में जो खाता संख्या अंकित किया गया है वह आधार कार्ड से लिंक होना चाहिये।

उपरोक्त विवरण त्रुटिपूर्ण होने की दशा में छात्र को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा, जिसके लिये छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

Kumar

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

Scanned by CamScanner